# कार्यालयः- अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) गढ़वाल मण्डल पौड़ी

E-mail- adgarhwalmandalpauri@gmail.com

आदेश/सेवा.अराज./ 1715 /3क(2)/30 प्रति. पदो/2025–26 दिनांक 19 फरवरी, 2026

## कार्यालय ज्ञाप

उत्तराखण्ड अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली–2014 यथा संशोधित नियमावली 2019, संशोधन 2021 एवं संशोधन 2024 के नियम–16 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत गढ़वाल मण्डलान्तर्गत वर्तमान में प्रारम्भिक शिक्षा के शिक्षकों को 30 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति हेतु पूर्व विज्ञप्ति के क्रम में प्राप्त आवेदन पत्रों के माध्यम से 30 प्रतिशत पदोन्नति हेतु अवधारित रिक्त पद के सापेक्ष पदोन्नति की जानी है। पदोन्नतियां प्रदान करने हेतु सम्बन्धित शिक्षकों को उत्तराखण्ड अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावलियों के अनुसार शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अर्हतायें पूर्ण होना आवश्यक है।

अतः अपर शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, गढ़वाल मण्डल पौडी के पत्रांक/सेवा.अराज./9166–78/3क(2)/30प्रति.पदो./2024–25 दिनांक 23 सितम्बर 2024 द्वारा गढ़वाल मण्डलान्तर्गत राजकीय प्रारम्भिक शिक्षा सेवा के अन्तर्गत कार्यरत प्रधानाध्यापक, रा0प्रा0वि0/सहायक अध्यापक रा0उ0प्रा0वि0/सहायक अध्यापक रा0आ0वि0 को 30 प्रतिशत पदो पर पदोन्नति हेतु आवेदन पत्र उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे जिसमें वेबसाईट पर उपलब्ध विषयवार सूची में अंकित शिक्षकों द्वारा आवेदन किया गया है यथा हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामान्य एवं वाणिज्य विषयों के शिक्षकों जिनके द्वारा टी0ई0टी0 द्वितीय उत्तीर्ण किया गया है, वे अपने टी0ई0टी0 द्वितीय उत्तीर्ण के अभिलेख दिनांक 09.03.2026 तक अपर शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, गढ़वाल मण्डल पौडी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात उपलब्ध कराये जाने वाले अभिलेखों में विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

19/2/26
(कंचन देवराड़ी)
अपर शिक्षा निदेशक (मा.शि.),
गढ़वाल मण्डल पौड़ी।

पृ0सं0/सेवा.अराज./20011-17 /3क(2)/30 प्रति0पदो0/2025–26/उक्तवत्।

**प्रतिलिपि** :– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
02. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
03. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी गढ़वाल मण्डल।
04. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, गढ़वाल मण्डल को इस निर्देश के साथ कि विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित सूची में अंकित सम्बन्धित शिक्षक/शिक्षिकाओं को निर्धारित तिथि तक टी0ई0टी0 द्वितीय उत्तीर्ण के अभिलेख जमा करने हेतु अपने स्तर से भी सूचित करना सुनिश्चित करें।
05. समस्त उपशिक्षा अधिकारी गढ़वाल मण्डल।
06. एम0आई0एस0 प्रभारी, महानिदेशालय विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून को उक्त सूचना विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. सम्पादक/प्रबन्धक, दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण पौड़ी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने लोकप्रिय सामाचार पत्र में ( 8×10 सेमी0) भाग में सशुल्क दिनांक 20.02.2026 को प्रकाशित करने का कष्ट करें।
08. कार्यालय पत्रावली।

19/2/26
(कंचन देवराड़ी)
अपर शिक्षा निदेशक (मा.शि.),
गढ़वाल मण्डल पौड़ी।

Scanned with OKEN Scanner